राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 30.10.2019

आयोग द्वारा **उपाचार्य/अधीक्षक, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (Vice Principal/Superintendent I.T.I.) संवीक्षा परीक्षा, 2018, का आयोजन दिनांक 04.11.2019 से 06.11.2019 तक, समूह अनुदेशक/सर्वेयर/सहायक शिक्षुता सलाहकार–ग्रुप–II (Group Instructor/Surveyor/Assistant Apprenticeship Advisor-Gr.II)** (TSP & NON-TSP) **संवीक्षा परीक्षा, 2018 (प्राविधिक शिक्षा विभाग) का आयोजन दिनांक 07.11.2019 एवं मत्स्य विकास अधिकारी (मत्स्य विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2019 व सहायक मत्स्य विकास अधिकारी (मत्स्य विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2019 का आयोजन दिनांक 08.11.2019 को अजमेर जिला मुख्यालय पर किया जा रहा है।** उक्त परीक्षाओं के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Admit Card लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से डाउनलोड कर लेवें। अभ्यर्थी https://sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment portal लिंक का चयन कर भी संबंधित परीक्षा का प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते है। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र अवश्य लेकर परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन कर लेवें।

(रेणु जयपाल)
सचिव